भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 3874**

वाणिज्य विभाग

<u>दिनांक 17 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

संभार क्षेत्र

3874. श्री वी॰के॰ श्रीकंदनः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार संभार क्षेत्र के विकास के लिए एक पृथक संभार विभाग स्थापित करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह भी सच है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सड़कों, रेलवे, पोत परिवहन,नागर विमानन और राज्यों सहित संभार क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच व्यापक समन्वय की आवश्यकता है; और
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): वर्तमान में वाणिज्य मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव सक्रियत: विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): जी हां । 'संभार क्षेत्र के समेकित विकास' के लिए वाणिज्य विभाग में अलग से एक प्रभाग सृजित किया गया है।

*****